# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 536 वर्ष 42

राँची, 31 अक्टूबर, 2018

## माननीय रेल एवं कोयला मंत्री द्वारा पिपरवार प्रोजेक्ट का निरीक्षण

विगत 13 अक्टूबर को माननीय रेल एवं कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल ने सीसीएल के प्रतिष्ठित पिपरवार के अशोका प्रोजेक्ट स्थित "व्यू प्वॉईन्ट" में जाकर खदान का निरीक्षण किया और खदान के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। माननीय मंत्री ने अधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि अपनी पूरी क्षमता के साथ कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा की मांग को पूरा करने में अपनी महत्ती भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि सरकार के "पावर फॉर ऑल" मिशन में सीसीएल की महत्वपूर्ण भूमिका है। माननीय मंत्री ने कहा कि कोयला प्रेषण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और सीसीएल उत्पादन के साथ–साथ कोयला प्रेषण में और गति लाये।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने माननीय मंत्री को सीसीएल के खनन और भविष्य की कोयला परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि सीसीएल कोयला प्रेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर नि. (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा, नि. (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी सहित जिला के वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

**स्पोर्ट्स अकादमी का दौरा :** माननीय रेल एवं कोयला मंत्री ने स्पोर्ट्स अकादमी खेलगाँव, राँची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर स्पोर्ट्स कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सीएमडी श्री गोपाल सिंह और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस खेल अकादमी ने छोटी सी अवधि में खेल के क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त की है जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कैडेट्स को पूरे लगन, मेहनत और अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर अभ्यास करने का मंत्र दिया।

अपने स्वागत भाषण में हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने माननीय मंत्रीजी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हर्ष की बात है कि युवा कैडेटस को प्रदान की जा रही सुविधाओं और उनके कोच के मार्गदर्शन में अकादमी की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बन रही है।



अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल



संबोधित करते माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल

## राष्ट्रीय एकता दिवस




राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के पावन अवसर पर विगत 31 अक्टूबर को सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया।

इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सभी कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उपस्थित सभी कर्मियों ने "राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सत्यनिष्ठा" और राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की शपथ ली। अपने संबोधन में श्री गोपाल सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के स्मरण करने मात्र से हम सभी के मस्तिष्क में एक सकारात्मक छवि बनती है और हम सभी को उनके सपनों को सम्मिलित प्रयास से साकार करना है।

अवसर विशेष पर सीएमडी सहित नि. (वित्त) श्री डी के घोष, नि. (का.) श्री आर एस महापात्र, नि. (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष श्रमिक प्रतिनिधि एवं कर्मियों ने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन के पुष्प अर्पित किए।

## "स्वच्छता साइक्लोथोन" का आयोजन



रैली में भाग लेते माननीय अतिथिगण एवं अन्य

मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा" के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में विगत 02 अक्टूबर को मुख्यालय परिसर में स्वच्छता के प्रति जागकता बढ़ाने हेतु "स्वच्छता साइक्लोथोन" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय सांसद, राँची, श्री रामटहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि माननीय सांसद (राज्य सभा) श्री महेश पोद्दार, माननीय विधायक, काँके, डॉ जीतू चरण राम, माननीय विधायक, खिजरी, श्री राम कुमार पाहन सहित सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह, नि. (का.) श्री आर एस महापात्र, नि. (वित्त) श्री डी के घोष, नि. (तक/संचा.) श्री ए के मिश्रा एवं सीवीओ श्री ए के श्रीवास्तव एवं अन्य सम्मानित अतिथिगण ने प्रातः 7.30 बजे साईकल में सवार प्रतिभागियों को "flag-off" कर कार्यक्रम की शुरूआत की। साईकल चलाकर माननीय अतिथियों ने भी इसमें अपनी सहभागिता दी। रैली दरभंगा हाउस, राजभवन, फिरायालाल चौक, थड़पखना, न्यूक्लीयस मॉल, जेल मोड़ होते हुए सीसीएल दरभंगा हाउस परिसर में समाप्त हुई।

> "आपको इंसानियत पर से विश्वास नहीं खोना चाहिए। इंसानियत एक सागर की तरह है अगर कुछ बुंदें सागर में मैली हो तो सागर गंदा नहीं हो सकता।"
>
> — राष्ट्रपिता मोहनदास करमचन्द गाँधी

## "गांधी जंयती" का आयोजन




श्री गोपाल सिंह सीएमडी सीसीएल कर्मियों को संबोधित करते हुए

मुख्यालय रांची के "विचार मंच" में विगत 02 अक्टूबर को "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जंयती समारोह" का आयोजन किया गया। बापू की 150वीं जयंती पर मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह, नि. (का.) श्री आर एस महापात्र, नि. (वित्त) श्री डी के घोष, नि. (तक/संचा.) श्री ए .के. मिश्रा एवं सीवीओं श्री ए.के. श्रीवास्तव तथा उपस्थित अन्य सभी ने श्रद्धा सुमन के पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया।

इस अवसर पर उनके आदर्शों एवं विचारों को याद किया गया और उनके स्वपन को पूरा करने के साथ–साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने का भी संकल्प लिया गया।

## सीसीएल के लाल एवं लाडली सम्मान समारोह सह समीक्षा बैठक



सीएमडी श्री गोपाल सिंह उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए

सीसीएल प्रबंधन ने विगत 06 अक्टूबर को "सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली" सम्मान समारोह–सह–समीक्षा बैठक, मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के "विचार मंच" में आयोजित कर सीसीएल के लाल के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने "सीसीएल के लाल एवं लाडली" एवं उनके अभिभावकों के साथ सीधा संवाद करते हुए कहा कि ऐसा कतई नहीं है कि जिनके माता–पिता शिक्षित नहीं है उनके बच्चे देश के सर्वश्रेष्ठ आईटी संस्थान में दाखिला नहीं ले सकते हैं। आपके बच्चों में असिम प्रतिभा एवं कर्मठता है और वे कल देश के प्रतिष्ठित इंजीनियर कॉलेजों में शिक्षा ग्रहण करेंगे।

कार्यक्रम में नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र सहित बच्चे, उनके अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

## सम्मान समारोह का आयोजन

सितम्बर माह में पूरे सीसीएल से कुल 121 जिसमें मुख्यालय से 05 एवं अक्टूबर माह में 91 कर्मी जिसमें मुख्यालय से 05 कर्मी सेवानिवृत हुए जिन्हें सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह कंपनी आपकी है और आपको कभी भी हमारी जरूरत महसूस हो तो हमें याद करें और हम सभी आपकी सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

सेवानिवृत्त कर्मियों ने कार्यक्रम में अपने–अपने विचार रखें और सीसीएल के उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)